Regarding need to recognize Itkhori Festival of Jharkhand as a National Festival-Laid

श्री काली चरण सिंह (चतरा) **:** मैं भारत सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र चतरा, झारखंड स्थित इटखोरी की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । इटखोरी माँ भद्रकाली की ऐतिहासिक नगरी होने के साथ-साथ तीन प्रमुख धर्मोंहिन्दू, जैन एवं बौद्धका पावन संगम स्थल है । यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है । सन् 2015 से इटखोरी महोत्सव का आयोजन राज्य सरकार द्वारा राजकीय महोत्सव के रूप में किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक भाग लेते हैं । इस महोत्सव से न केवल क्षेत्र की प्राचीन विरासत को वैश्विक पहचान मिली है, बल्कि स्थानीय रोजगार, पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है । इटखोरी की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को देखते हुए, मेरा विनम्र आग्रह है कि भारत सरकार इटखोरी महोत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय महोत्सव घो षि त करने पर उचित विचार करे, ताकि इस पावन स्थल का व्यवस्थित विकास हो सके और देश-विदेश के अधिकाधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके ।